# MP BOARD CLASS 12 PAPER 2015

# पुस्तपालन एवं लेखाकर्म (बहीखाता)

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न 1.** निम्न का एक वाक्य या एक शब्द में उत्तर दीजिए— 5 × 1 = 5

(1) प्रेषण व्यवहार में व्यवसाय का सम्पूर्ण जोखिम किस पर होता है ?

(2) साझेदारों द्वारा व्यवसाय में निजी प्रयोग के लिए निकाली गयी पूँजी क्या कहलाती है ?

(3) ख्याति = $\frac{\text{अधिलाभ} \times 100}{\text{सामान्य ब्याज दर}}$ यह ख्याति की गणना का किस विधि का सूत्र है ?

(4) लेखांकन प्रमाप 10 किससे सम्बन्धित है ?

(5) वसूली खाते में सम्पत्तियों को किस कीमत पर हस्तान्तरित किया जाता है ?

उत्तर—(1) प्रेषक, (2) आहरण, (3) अधिलाभों द्वारा पूँजीकरण विधि, (4) ख्याति, (5) पुस्तक मूल्य पर।

**प्रश्न 2.** सही जोड़ी बनाइए— 5 × 1 = 5

| | |
|---|---|
| (1) माल का वाष्पीकरण | (अ) कानूनी उत्तराधिकारी |
| (2) साझेदार की मृत्यु पर उसके हिस्से का भुगतान किया जाता है | (ब) सामान्य हानि |
| (3) वसूली खाता | (स) पूँजीगत प्राप्ति |
| (4) अंशपत्र में परिवर्तन | (द) फर्म के समापन पर खोला जाता है |
| (5) ऋणपत्रों के निर्गमन से प्राप्त राशि | (य) परिवर्तनीय ऋण पत्र |

उत्तर—(1) → (ब), (2) → (अ), (3) → (द), (4) → (य), (5) → (स)।

**प्रश्न 3.** निम्नलिखित में सही विकल्प चुनिए— 5 × 1 = 5

(1) उधार विक्रय पर दिया जाने वाला कमीशन कहलाता है—

(अ) सामान्य कमीशन (ब) अधिभावी कमीशन

(स) परिशोध कमीशन (द) इनमें से कोई नहीं।

(2) साझेदारी संलेख के अभाव में ऋण पर ब्याज दिया जाता है—

(अ) 6% (ब) 8%

(स) 9% (द) 12%.

(3) पुनर्मूल्यांकन पर होने वाला लाभ किस अनुपात में बाँटा जाता है ?

(अ) नये लाभ हानि अनुपात में (ब) त्याग अनुपात में

(स) पुराने लाभ-हानि अनुपात में (द) प्राप्ति अनुपात में।

(4) वसूली खाता है—

(अ) वास्तविक खाता (ब) व्यक्तिगत खाता

(स) अवास्तविक खाता (द) इनमें से कोई नहीं।

(5) ऋणपत्रधारी कम्पनी के होते हैं—

(अ) स्वामी (ब) लेनदार

(स) देनदार (द) कर्मचारी।

उत्तर—(1) (स), (2) (अ), (3) (स), (4) (स), (5) (ब)।

**प्रश्न 4.** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 5 × 1 = 5

(1) प्रेषण में असामान्य हानि को ………… खाते में डेबिट किया जाता है।

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(2) गुणनफल विधि द्वारा ………… पर ब्याज की गणना की जाती है।
(3) ख्याति पर ………… नहीं लगाया जाता है।
(4) दायित्व में कमी फर्म का ………… होता है।
(5) ऋणपत्रधारी कम्पनी के ………… में हस्तक्षेप नहीं करते।

उत्तर—(1) लाभ-हानि, (2) आहरण, (3) ह्रास, (4) लाभ, (5) प्रबन्धन।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित में सत्य या असत्य बताइए—** 5 × 1 = 5

(1) विक्रय विवरण प्रेषक द्वारा भेजा जाता है।
(2) ख्याति एक बिक्री योग्य सम्पत्ति है।
(3) पुनर्मूल्यांकन खाता सम्पत्ति के विक्रय पर बनाते हैं।
(4) फर्म के समापन पर चिट्ठा बनाया जाता है।
(5) ऋणपत्रधारी को कम्पनी के अंशधारी भी कहते हैं।

उत्तर—(1) असत्य, (2) सत्य, (3) असत्य, (4) असत्य, (5) असत्य।

**प्रश्न 6.** ऋणपत्र से क्या आशय है ? 2

*अथवा*

परिवर्तनशील ऋणपत्र क्या है ?

**प्रश्न 7.** वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का महत्त्व किन्हीं दो बिन्दुओं पर समझाइए। 2

*अथवा*

वित्तीय विश्लेषण की दो सीमाएँ बताइए।

**प्रश्न 8.** अनुपात विश्लेषण से क्या आशय है ? 2

*अथवा*

अनुपात विश्लेषण के दो उद्देश्य बताइए।

**प्रश्न 9.** औसत वसूली अवधि क्या होती है। 2

*अथवा*

चालू अनुपात क्या है ? इसकी गणना कैसे की जाती है ?

**प्रश्न 10.** रोकड़ प्रवाह विवरण के कोई दो उद्देश्य बताइए। 2

*अथवा*

रोकड़ प्रवाह विवरण क्या है ? इसे क्यों बनाया जाता है ?

**प्रश्न 11.** स्थायी तथा परिवर्तनशील पूँजी खाते में चार अन्तर बताइए। 4

*अथवा*

सीता और गीता एक फर्म में साझेदार हैं। 1 जनवरी, 2003 को उनकी पूँजी क्रमशः 60,000 और 50,000 रु. है। उन्हें पूँजी पर 7 ½% प्रतिवर्ष ब्याज दिया जाता है। सीता ने 1 जुलाई, 2003 को 16,000 रु. फर्म को ऋण दिया है। गीता 8,000 रु. वार्षिक वेतन पाने की अधिकारी है। 31 दिसम्बर, 2003 को समाप्त वर्ष का लाभ उपर्युक्त समायोजन के पूर्व 18,000 रु. था। लाभ-हानि वितरण खाता बनाइये।

**प्रश्न 12.** मेहता एण्ड कम्पनी ने 10 रु. वाले 5,000 समता अंश को निर्गमित किया। इनकी सम्पूर्ण राशि आवेदन के साथ ही आनी चाहिए। सभी अंश जनता द्वारा लिए गए और वांछित सम्पूर्ण राशि कम्पनी को प्राप्त हो गई कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक पंजी प्रविष्टि कीजिए। 4

*अथवा*

http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

पूर्वाधिकार अंशों के प्रकारों को समझाइए (कोई–चार)

**प्रश्न 13.** अंशधारी व ऋणपत्रधारी में अन्तर बताइए। (कोई चार) **4**

*अथवा*

कमल लिमिटेड ने 8000, 13% ऋणपत्र 100 रु. वाले निर्गमित किये। इन ऋणपत्रों पर समस्त राशि एकमुश्त प्राप्त हो गई। जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

**प्रश्न 14.** शोध्य व अशोध्य ऋणपत्र क्या है ? **4**

*अथवा*

एक कम्पनी ने 100 रु. वाले 10,000, 8% ऋणपत्र निर्गमित किये। इन ऋणपत्रों पर 10 रु. आवेदन के साथ, 20 रु. आबंटन पर, 40 रु. प्रथम याचना पर तथा द्वितीय याचना पर 30 रुपये प्रति ऋणपत्र देय थे। सभी ऋणपत्र क्रय कर लिए गए और उन पर समय पर भुगतान भी प्राप्त हो गया।

कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

**प्रश्न 15.** वित्तीय विश्लेषण के उद्देश्य को समझाइए। (कोई चार) **4**

*अथवा*

निम्न सूचनाओं से तुलनात्मक आय का विवरण बनाइए–

| विवरण | 2004 | 2005 |
|---|---|---|
| विक्रय | 1,20,000 | 1,50,000 |
| बेचे गए माल की लागत | 70,000 | 75,000 |
| अप्रत्यक्ष व्यय | 20,000 | 25,000 |
| करों के लिए प्रावधान | 6,000 | 10,000 |
| शुद्ध लाभ | 24,000 | 40,000 |

**प्रश्न 16.** रोकड़ बहाव विवरण का महत्त्व बताइए। (कोई चार) **4**

*अथवा*

**निम्न सूचनाओं से अप्रत्यक्ष विधि से संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए–**

| | |
|---|---|
| शुद्ध लाभ | 7,500 |
| वेतन | 5,000 |
| प्लांट पर ह्रास | 1,800 |
| प्लांट के विक्रय पर हानि | 700 |
| ब्याज प्राप्त | 2,500 |
| विनियोग के विक्रय पर लाभ | 2,500 |
| चालू दायित्व में वृद्धि | 20,000 |
| चालू सम्पत्ति में वृद्धि | 10,000 |

**प्रश्न 17.** कोष प्रवाह विवरण व रोकड़ प्रवाह विवरण में अन्तर लिखिए। (कोई चार)

*अथवा* **4**

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

निम्न सूचनाओं से कार्यशील पूँजी में परिवर्तन की अनुसूची बनाइए—

| दायित्व | 2009 | 2010 | सम्पत्तियाँ | 2009 | 2010 |
|---|---|---|---|---|---|
| | रु. | रु. | | रु. | रु. |
| अंश पूँजी | 9,00,000 | 14,50,000 | स्थायी सम्पत्ति | 12,00,000 | 21,00,000 |
| लाभ–हानि खाता | 6,00,000 | 9,00,000 | स्टॉक | 1,00,000 | 2,00,000 |
| लेनदार | 2,50,000 | 3,00,000 | देनदार | 2,25,000 | 3,50,000 |
| बैंक अधिविकर्ष | — | 1,00,000 | रोकड़ | 2,00,000 | 50,000 |
| प्रस्तावित लाभांश | 50,000 | 50,000 | प्राप्य बिल | 75,000 | 1,00,000 |
| योग | 18,00,000 | 28,00,000 | | 18,00,000 | 28,00,000 |

**प्रश्न 18.** प्रेषण व बिक्री में अन्तर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच) 5

***अथवा***

सचिन ड्रग हाउस, मुम्बई ने दवाई की 35 पेटियाँ सौरभ ड्रग हाउस, कोलकाता को 8,400 रु. बीजक मूल्य पर भेजीं जो कि वास्तविक लागत मूल्य से 20% अधिक था और उन्होंने गाड़ी भाड़ा व रेल किराये के 700 रु. चुकाये। मार्ग में 5 पेटियाँ खो गईं और रेलवे कं. ने 1,000 रु. हर्जाने के दिये। प्रेषिती ने शेष पेटियों की सुपुर्दगी ली और उस पर 420 रु. व्यय किये। प्रेषिती ने विक्रय विवरण भेजकर 7,500 रुपये में 25 पेटियों के विक्रय की सूचना दी। उनके द्वारा 600 रु. बिक्री व्यय हुआ। वे कुल बिक्री पर 5% कमीशन के अधिकारी हैं। उक्त व्यवहारों से प्रेषण खाता खोलिए।

**प्रश्न 19.** ख्याति की पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 5

***अथवा***

एक फर्म का औसत शुद्ध लाभ 42,000 रु. प्रतिवर्ष है। व्यवसाय में औसत विनियोजित पूँजी 2,00,000 रु. है। इस प्रकार के व्यवसाय में विनियोजित पूँजी पर ब्याज 12% है। साझेदार को 8,000 रु. वार्षिक पारिश्रमिक दिया जाता है। ख्याति की गणना 2 वर्ष के क्रय पर अधिलाभ द्वारा कीजिए।

**प्रश्न 20.** साझेदार की मृत्यु पर उसके वैधानिक प्रतिनिधि को देय राशि की गणना आप किस प्रकार करेंगे ? समझाइए। ***अथवा*** 5

X, Y और Z साझेदार हैं। 31 मार्च, 2007 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था—

**चिट्ठा**

| दायित्व | | रकम | सम्पत्तियाँ | रकम |
|---|---|---|---|---|
| | | रु. | | रु. |
| ऋणदाता | | 1,800 | मशीनरी | 1,200 |
| लाभ–हानि खाता | | 1,200 | फर्नीचर | 400 |
| पूँजी : | | | स्कन्ध | 2,650 |
| X | 2,000 | | ऋणी | 3,780 |
| Y | 1,750 | | रोकड़ | 220 |
| Z | 1,500 | 5,250 | | |
| | | 8,250 | | 8,250 |

1 अप्रैल, 2007 को वे A को बराबर की साझेदारी में प्रवेश देने को निम्न शर्तों पर सहमत होते हैं—

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com

(1) वह 1,500 रु. ख्याति के तथा 1,800 रु. पूँजी के नकद लाये।
(2) मशीन और फर्नीचर का मूल्य क्रमश: 950 और 380 रु. आँका जाय।
(3) स्कन्ध का मूल्य 450 रुपये से अधिक आँका जाय।
पुनर्मूल्यांकन खाता व साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए।

**प्रश्न 21.** समता अंश की कोई पाँच विशेषताएँ बताइए। 5

*अथवा*

अंशों के हरण की विधि समझाइए।

**प्रश्न 22.** कम्पनी के चिट्ठे की दायित्व पक्ष की मदों को समझाइए। (कोई पाँच) 5

*अथवा*

कम्पनी के चिट्ठे की सम्पत्ति पक्ष की मदों को समझाइए। (कोई पाँच)

**प्रश्न 23.** फर्म के समापन की विभिन्न विधियों को समझाइए। (कोई पाँच) 6

*अथवा*

**काला, गोरा तथा भूरा साझेदार हैं जो 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं। 1 जनवरी, 2007 को उनका स्थिति विवरण निम्नानुसार था—**

| दायित्व | | रकम | सम्पत्तियाँ | | रकम |
|---|---|---|---|---|---|
| | | रु. | | | रु. |
| विविध लेनदार | | 12,000 | बैंक में रोकड़ | | 12,200 |
| सामान्य कोष | | 5,000 | देनदार | 8,000 | |
| पूँजी खाता : | | | *घटाया* : संचय | 200 | 7,800 |
| काला | 15,000 | | स्टॉक | | 6,000 |
| गोरा | 12,000 | | फर्नीचर | | 2,000 |
| भूरा | 6,000 | 33,000 | भवन | | 22,000 |
| | | 50,000 | | | 50,000 |

उक्त तिथि को साझेदारी का विघटन किया। सम्पत्तियों की वसूली निम्नानुसार हुई—देनदार 7,000, स्कन्ध 5,000, फर्नीचर 1,000, भवन 25,000, लेनदार 11,000 रुपये में तय हुए। यह ज्ञात हुआ कि नुकसान के कारण 3,000 रु. के एक दायित्व का भुगतान करना है। विघटन के व्यय 1,000 रु. हैं।

वसूली खाता व पूँजी खाते बनाइए।

**प्रश्न 24.** हिन्दुस्तान लिमिटेड ने 10 रु. वाले 2000 अंश 12 रु. के हिसाब से निम्न प्रकार निर्गमित किये—2 रु. प्रार्थना-पत्रों पर, 5 रुपये आबंटन पर (2 रु. प्रीमियम सहित), 5 रु. प्रथम व अन्तिम याचना पर। समस्त अंशों के लिए प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए और आबंटन की समस्त राशि यथासमय प्राप्त हो गई है। हिन्दुस्तान लिमिटेड की पुस्तक में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 6

*अथवा*

अनुपम लि. ने 10 रु. वाले 2000 अंश 2 रु. प्रीमियम पर निर्गमित किये जिन पर 2 रु. प्रार्थना-पत्र पर, 5 रुपये आबंटन पर (प्रीमियम सहित), 3 रुपये प्रथम याचना पर व 2 रु. अन्तिम याचना पर देय थे। मिस्टर रवि जिनके पास 100 अंश थे, आबंटन व याचना राशि का भुगतान न कर सके और अन्तिम याचना के उपरान्त उनके अंशों का हरण कर लिया गया। समस्त हरण किये गये अंश 11 रुपये पूर्णदत्त की दर से पुनर्निर्गमित कर दिये गये। हरण व पुनर्निर्गमन की जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zSubjects.com
http://www.a2zsubjects.com
http://www.a2zSubjects.com http://www.a2zSubjects.com